# भारतीयप्रौद्योगिकीसंस्थान (भारतीयखनिविद्यापीठ), धनबाद
**Indian Institute of Technology (Indian School of Mines), Dhanbad**


*For Immediate Release: September 19, 2025*

## PRESS-RELEASE

### हिंदी पखवाड़ा 2025 के अंतर्गत हिंदी टिप्पण एवं प्रारूप लेखन प्रतियोगिता का आयोजन

शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के आदेशानुसार राजभाषा नीति के अनुपालन के क्रम में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (भा. ख. वि.), धनबाद में 14 सितम्बर से 30 सितम्बर 2025 तक **हिंदी पखवाड़ा** का आयोजन किया जा रहा है।

इस श्रृंखला के अंतर्गत आज **हिंदी टिप्पण एवं प्रारूप लेखन प्रतियोगिता** का आयोजन किया गया, जिसमें संस्थान के विभिन्न विभागों एवं शाखाओं के **43 कर्मचारियों** ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता का उद्देश्य कर्मचारियों को कार्यालयी कार्य में अधिक से अधिक हिंदी प्रयोग हेतु प्रोत्साहित करना है।

इस अवसर पर राजभाषा प्रकोष्ठ ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए बताया कि हिंदी पखवाड़ा के दौरान शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं छात्रों के लिए क्रमवार विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है, जिनमें निबंध लेखन, वाद-विवाद, तात्कालिक भाषण, प्रश्नोत्तरी, हिंदी टंकण आदि शामिल हैं।

संस्थान प्रशासन ने सभी शिक्षकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अपील की है कि वे इस अवधि के दौरान अधिक से अधिक कार्य हिंदी में संपादित करें और हिंदी पखवाड़ा 2025 को सफल बनाने में अपना सक्रिय सहयोग दें।

**कार्यक्रम की आगामी रूपरेखा (20 से 30 सितम्बर 2025):**

- 20 सितम्बर : हिंदी निबंध लेखन प्रतियोगिता
- 22 सितम्बर : हिंदी वाद-विवाद प्रतियोगिता
- 24 सितम्बर : हिंदी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता
- 26 सितम्बर : हिंदी तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता
- 29 सितम्बर : हिंदी टंकण प्रतियोगिता
- 30 सितम्बर : पुरस्कार वितरण एवं समापन समारोह

Rajni Singh
***Dean (Corporate*** Communications***)***